# University in News on 14 October 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि के नौ पाठ्यक्रमों की दूसरी अलॉटमेंट सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही काउंसिलिंग के तहत नौ पाठ्यक्रमों की दूसरी अलॉटमेंट और अपग्रेडेशन परिणाम जारी कर दिया है। छात्र लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन पाठ्यक्रमों के लिए अलॉटमेंट परिणाम जारी किए गए हैं उनमें बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड, पांच वर्षीय एलएलबी, बीसीए, बीबीए, बीएफए व बीवीए, चार वर्षीय बीकॉम और बीकॉम ऑनर्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छात्र अपने लॉगइन आईडी की मदद से अलॉटमेंट पत्र डाउनलोड कर लें और 14 से 16 अक्तूबर तक सीट कन्फर्मेशन फीस ऑनलाइन जमा कर सीट पक्की कर लें। (माई सिटी रिपोर्टर)

### पीएचडी के चार विषयों के छात्रों की सूची जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को कॉमर्स, एमआईएच, एंथ्रोपोलॉजी और जियोलॉजी में रेगुलर फुल टाइम पीएचडी की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी गुरुवार से विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज के पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी 14 से 17 अक्तूबर तक अपने लॉगइन आईडी से ऑनलाइन फीस जमा कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)